पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-शासन पत्र पत्राचार पत्रावली/2024-25/ 4226 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक: 05 दिसम्बर,2024

**समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,**
**उत्तर प्रदेश(गौतमबुद्ध नगर जोन, नोएडा को छोड़कर) ।**

**विषय-महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख हेतु संचालित समस्त गृहों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान किये जाने के संबंध में ।**

कृपया उपर्युक्त विषयक महिला एवं बाल विकास अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-39/2024/774951/60-1099/296/2024 दिनांक-21.10.2024(छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा बच्चों एवं महिलाओं की देख-रेख हेतु संचालित गृहों में आवासीय बच्चों व महिलाओं की संख्या आमतौर पर अधिक होने के कारण ऐसे बच्चों/महिलाओं हेतु संचालित गृहों को अतिरिक्त निगरानी एवं पत्र में उल्लिखित चार सहयोग संबंधी बिन्दुओं पर यथावश्यक कार्यवाही किये जाने एवं प्रदेश में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 62 बाल्य देख-रेख संस्थाओं एवं 09 महिला शरणालयों/संरक्षण गृहों को सशक्त करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्यवाही करने व अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये गये है ।

अतः महिला एवं बाल विकास अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन के उक्त पत्र संख्या-39/2024/774951/60-1099/296/2024 दिनांक-21.10.2024 की प्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि पत्र में की गयी अपेक्षानुसार बच्चों एवं महिलाओं की देख-रेख हेतु संचालित समस्त गृहों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान किये जाने के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें ।

**संलग्नक:- विभागीय वेबसाइड पर अपलोड ।**

(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त ।**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1- अपर आयुक्त, राज्य कर, गौतमबुद्ध नगर जोन, नोएडा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि शासन द्वारा पत्र में की गयी अपेक्षानुसार अपने अधीनस्थ समस्त कार्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

2- अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ ।

3- समस्त अनुभाग अधिकारी, राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ ।

4- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।

**संलग्नक:- विभागीय वेबसाइड पर अपलोड ।**

अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

1725/11-3-2024

महत्वपूर्ण/प्राथमिकता

संख्या- /60-1099/296/2024

39/2024/774951/

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0 शासन।
2. समस्त मंडलायुक्त
उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।
4. समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक
उ0प्र0।

826/PS/ST/24
VS(SP)

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 21 अक्टूबर, 2024

विषय- महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख हेतु संचालित समस्त गृहों को अतिरिक्त समर्थन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं की देखरेख हेतु विभिन्न प्रकार के गृहों यथा दत्तक ग्रहण इकाई, शिशु गृह, बाल गृह, संप्रेक्षण गृह, विशेष गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी, आफ्टरकेयर संस्थायें, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु बाल गृह, महिला शरणालय, महिला वृद्ध आश्रम, मानसिक मंदित महिलाओं हेतु गृह आदि का संचालन किया जा रहा है। विभाग द्वारा संचालित इन गृहों में विषम परिस्थितियों से ग्रस्त बच्चे तथा महिलायें निवासित कराये जाते हैं। चूँकि ऐसे बच्चे व महिलायें अपने माता-पिता/परिवारों से दूर राज्य सरकार की देखरेख व संरक्षण में आवास करते हैं तो ऐसे में इनके प्रति हम सभी का दायित्व एवं जवाबदेही और बढ़ जाती है।

24.10.24
(एम0 देवराज)
प्रमुख सचिव
राज्य कर विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

510/VS/ST/24
JS(RP)

2- इन बच्चों व महिलाओं हेतु संचालित उक्त गृहों में आवासित बच्चों/महिलाओं के भरण-पोषण, सुरक्षा, संरक्षण और विकास हेतु राज्य सरकार स्वयं या भारत सरकार के सहयोग से व्यवस्थायें सुनिश्चित करती है। गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास तथा समाज की मुख्य धारा में शामिल किये जाने हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा, मनोवैज्ञानिक समर्थन के साथ कौशल विकास के विविध कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

24-10-24
(श्याम प्रकाश नारायण)
विशेष सचिव,
राज्य कर विभाग,
उ0प्र0 शासन।

उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की संख्या आमतौर पर अधिक होने के कारण बच्चों/महिलाओं हेतु संचालित गृहों को अतिरिक्त निगरानी एवं सहयोग की आवश्यकता होती है। अतः उक्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित बिन्दुओं पर यथावश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित हैः-

(क)- **भावनात्मक सहयोगः** उपरोक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं को उनकी विषम परिस्थितियों के कारण भावनात्मक जुड़ाव और उन्हें सुनने वाले किसी

S03
24/X/2024
रघुवीर
संयुक्त स...
उ0प्र0 शासन,
राज्य कर विभाग।

3413/? 28/10/24

व्यक्ति विशेष की आवश्यकता होती है। यद्यपि गृहों में कार्यरत कार्मिक अपने दैनिक कार्यविधियों में बच्चों व महिलाओं की भावनात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु सम्पूर्ण प्रयास करते हैं तथापि उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में समेकित होने हेतु अतिरिक्त समर्थन की आवश्कता होती है। उक्त के दृष्टिगत मण्डल/जनपदीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाय तथा इन गृहों में अपने परिवार के सदस्यों को भी सहयोग /समर्थन प्रदान किये जाने हेतु प्रेरित किया जाय। जनपद में कार्यरत समस्त अधिकारी अपने जनपद के कम से कम एक गृह को गोद ले सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारी स्वयं अथवा अपने परिवार के साथ विभिन्न त्योहारों यथा होली, दिवाली, ईद, लोहड़ी, क्रिसमस तथा अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिवसों जैसे-जन्मदिवस, विवाह समारोह, सालगिरह आदि को बाल गृहों में आवासित बच्चों के साथ मनायें, जिससे बच्चों को अपनेपन का एहसास होगा।

(ख)- <u>शैक्षिक एवं कौशल विकास गतिविधियों में सहयोगः</u> उपरोक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं के विकास हेतु आवश्यक है कि उनकी शिक्षा और कौशल विकास की गतिविधियां निरंतर जारी रहें। गृहों में आवासित बच्चे वर्तमान में औपचारिक शिक्षा हेतु विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। प्रशासनिक अधिकारी तथा उनके परिवारजन स्वेच्छा से इन गतिविधियों में जुड़ सकते हैं तथा अपने सेवानिवृत साथियों, मित्रों व आस-पड़ोस के लोगों को भी बच्चों को विद्यालय के बाद उनकी पढ़ाई में सहयोग/ट्यूशन आदि में समर्थन देने हेतु प्रेरित कर सकते हैं। ट्यूशन के अतिरिक्त उनके साथ विशेष गतिविधियां यथा स्टोरी टेलिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पेंटिग, खेलकूद सहित जीवन कौशल की विभिन्न गतिविधयां की जा सकती है। बच्चों की फीस, स्टेशनरी, बैग, स्कूल वैन/बस तथा ट्यूशन् आदि हेतु समर्थन / सहयोग किया जा सकता है।

(ग)- <u>भरण-पोषण, चिकित्सीय देखरेख सामग्री सहयोगः</u> उपरोक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभाग द्वारा समस्त सामग्रियां उपलब्ध करायी जाती हैं । उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की संख्या आमतौर पर अधिक होने के कारण आप उपयोग योग्य कपड़े, रजाई, कंबल, टायलेटरीज़, बर्तन, किताबों सहित शिक्षणं सामग्री, अलमारियां, कूलर, ए0सी0, पंखें, खान-पान सामग्री, खेल-कूद सामग्री आदि का सहयोग कर सकते हैं। चूंकि सामान्य चिकित्सीय आवश्यकता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाती है । अतः उनकी विशिष्ट चिकित्सीय आवश्यकताओं को स्पॉन्सर करने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

(घ)- <u>मेन्टरशिप सहयोगः</u> उपरोक्त गृहों को सशक्त करने के उद्देश्य से इन गृहों का पर्यवेक्षण करते हुए यथावश्यक सुधार हेतु समग्र योजनायें बनायी जाय। उक्त गृहों में आवासित बच्चों व महिलाओं की विभिन्न आवश्यकताओं यथा शैक्षणिक/ कौशल विकास की पूर्ति हेतु विभिन्न चैरेटिविल संस्थाओं यथा रोटरी क्लब, लायन्स क्लब, आकांक्षा समिति एवं अन्य प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं आदि का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है । संस्था में आवासित कुशाग्र बच्चों/महिलाओं के

सर्वांगीण विकास व बेहतर आजीविका के साधन उपलब्ध कराये जाने हेतु विश्वविद्यालयों/तकनीकी संस्थाओं/चैरेटिविल संस्थाओं या स्वयं को मेन्टर के रूप में जोड़ सकते हैं। उक्त मेन्टरों द्वारा उन्हें मनोसामाजिक समर्थन तथा शैक्षणिक/कौशल विकास सम्बन्धी गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया जाये।

3- उक्त के क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 62 बाल देखरेख संस्थाओं एवं 09 महिला शरणालयों/संरक्षण गृहों की सूची संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रदेश में संचालित विभिन्न गृहों को सशक्त करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्यवाही करने व अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त

भवदीय,

Signed by
Manoj Kumar Singh
Date: 09-2024 16:44:10

39/2024/774951/

संख्या - (1)/60-1099/296/2024 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निदेशक, महिला कल्याण तथा निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, विभाग, उ0प्र0।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मंडलीय उप-निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0।
4. समस्त जिला प्रोबेशन अधिकारी, उ0प्र0।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लीना जौहरी)
प्रमुख सचिव

# राजकीय बाल देखरेख संस्थानों की सूची (सितम्बर 2024)

| क0स0 | संस्था / जनपद का नाम | पता | स्वीकृत क्षमता | संवासी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 3 | 4 |
| | **राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर)** | | | |
| 1 | आगरा | सिरौली, जगनेर रोड, आगरा। | 150 | 195 |
| 2 | मथुरा | नलवा पथ, सिविल लाईन्स, पुराना आर0टी0ओ0 आफिस, मथुरा। | 50 | 46 |
| 3 | ललितपुर | नेहरू नगर, ललितपुर | 50 | 32 |
| 4 | लखनऊ | मोहान रोड, लखनऊ | 100 | 129 |
| 5 | हरदोई | रद्देपुरवा रोड,हरदोई | 50 | 58 |
| 6 | बरेली | किला बरेली इग्लिशगंज, निकट तिलक इण्टर कालेज, बरेली | 50 | 107 |
| 7 | मेरठ | निकट जिला कारागार अब्दुल्लापुर, मेरठ | 100 | 100 |
| 8 | मुजफ्फरनगर | आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर | 50 | 46 |
| 9 | मुरादाबाद | आदर्श कालोनी, समाज कल्याण परिसर, मुरादाबाद | 100 | 127 |
| 10 | वाराणसी | रामनगर, वाराणसी | 100 | 94 |
| 11 | गोरखपुर | एकल श्रमजीवी महिला छात्रावास, सुर विहार सूरजकुंड गोरखनाथ, गोरखपुर | 100 | 260 |
| 12 | मऊ | जी0एस0टी0 कार्यालय के बगल, पुलिस लाईन, फरदहा रोड, मऊ | 100 | 162 |
| 13 | बस्ती | पचटेडिया रोड, गधा खुर बस्ती | 50 | 84 |
| 14 | प्रयागराज | खुल्दाबाद, प्रयागराज | 100 | 96 |
| 15 | इटावा–1 | सराय एसर कचौरा रोड बडपुरा, इटावा | 50 | 29 |
| 16 | फर्रूखाबाद | उरवा याकूतगंज, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद | 50 | 59 |
| 17 | आयोध्या | विकास प्राधिकरण भवन, लायड गेट, चौक, फैजाबाद | 50 | 108 |
| 18 | गोण्डा | राधाकुण्ड, गोण्डा | 50 | 72 |
| 19 | चित्रकूट | कसहाई रोड गल्ला मण्डी गेट के सामने, श्री शिवफूल सिंह का मकान, चित्र | 50 | 56 |
| 20 | मीरजापुर | ताडकनाथ जैसवाल का भवन, मोर्चाघर सिविल लाइन, मीरजापुर | 50 | 58 |
| 21 | बुलन्दशहर | ट्रांजिस हास्टल, नये बस स्टैण्ड के पास, बुलन्दशहर | 50 | 61 |
| 22 | गौतमबुद्व नगर | प्रथम तल पुराना सिविल कोर्ट, फैस–2, नोएडा गौतमबुद्व नगर | 100 | 110 |
| 23 | इटावा–2 | सराय एसर कचौरा रोड बडपुरा, इटावा | 50 | 89 |
| 24 | गाजीपुर | गौरा बाजार, गाजीपुर | 50 | 92 |
| 25 | शाहजहांपुर | पिपरौला, शाहजहांपुर | 50 | 58 |
| | **योग** | | 1750 | 2328 |
| | **राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (कशोरी)** | | | |
| 1 | वाराबंकी | बेलहरा हाउस, देवा रोड,बाराबंकी | 50 | 33 |
| 2 | गौतमबुद्धनगर | मातृ एवं बाल सदन, भूखण्ड संख्या बी–11 सेक्टर 62 नोएडा | 50 | 27 |
| | **योग** | | 100 | 60 |
| | **रा0 विशेष गृह** | | | |
| 1 | इटावा (किशोर) | सराय एसर कचौरा रोड बडपुरा, इटावा | 50 | 24 |
| 2 | वाराबंकी (किशोरी) | बेलहरा हाउस, देवा रोड,बाराबंकी | 50 | 0 |
| | | | 100 | 24 |
| | **रा0 प्लेस आर्फ सेफ्टी** | | | |
| 1 | गाजीपुर | गौरा बाजार, गाजीपुर | 50 | 33 |
| | **योग** | | 50 | 33 |
| | **राजकीय बाल गृह (बालक)** | | | |
| 1 | लखनऊ | मोहान रोड, लखनऊ | 100 | 52 |
| 2 | ललितपुर | दैलवारा, ललितपुर | 50 | 10 |
| 3 | वाराणसी | रामनगर , वाराणसी | 100 | 44 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | देवरिया | एच.डी.एफ.सी. बैंक के पास, चुडिहारी गली, देवरिया | 50 | 39 |
| 5 | कानपुर नगर | निकट उन्नयन बस्ती,कल्याणपुर, कानपुर नगर | 100 | 48 |
| 6 | फिरोजाबाद | बन्दना हायर सेकेण्डरी स्कूल वाला भवन 2/278, सुहागनगर | 50 | 24 |
| 7 | शाहजहांपुर | नवादा इन्देपुर, मुमुक्षु आश्रम, एस0एस0 कालेज के सामने, शाहजहांपुर | 50 | 40 |
| 8 | मेरठ | सूरज कुण्ड, बाल्मीकी नाला, मेरठ | 50 | 31 |
| | योग | | 550 | 288 |
| राजकीय बाल गृह(बालिका) | | | | |
| 1 | बलिया | निधरिया, बलिया | 50 | 80 |
| 2 | प्रयागराज | खुल्दाबाद, प्रयागराज | 50 | 126 |
| 3 | लखनऊ | मोती नगर,लखनऊ | 200 | 170 |
| 4 | कानपुर नगर | 7/202,स्वरूप नगर, कानपुर नगर | 100 | 93 |
| 5 | कानपुर नगर यूनिट 2 | सूटं नगर, कानपुर नगर | 100 | 58 |
| 6 | गौतमबुद्धनगर | मातृ एवं बाल सदन, भूखण्ड संख्या बी–11 सेक्टर 62 नोएडा | 200 | 208 |
| 7 | वाराणसी | साहित्यनाका, राननगर, वाराणसी | 100 | 39 |
| | योग | | 800 | 774 |
| राजकीय बाल गृह (शिशु) | | | | |
| 1 | लखनऊ | 3–प्राग नारायन रोड, लखनऊ | 50 | 24 |
| 2 | आगरा | दीक्षित काम्प्लेक्स, अभयपुरा मोड़, जगनेर रोड, आगरा। | 50 | 11 |
| 3 | रामपुर | जुल्फिकार इण्टर कालेज, अंगूरी बाग, रामपुर | 50 | 72 |
| 4 | मथुरा | नलवा पथ, सिविल लाइन्स, पुराना आर0टी0ओ0 आफिस, मथुरा | 50 | 23 |
| 5 | प्रयागराज | खुल्दाबाद, प्रयागराज | 50 | 20 |
| 6 | मेरठ | सूरज कुण्ड, बाल्मीकी नाला, मेरठ | 50 | 21 |
| 7 | शाहजहांपुर | नवादा इन्देपुर, मुमुक्षु आश्रम, एस0एस0 कालेज के सामने, शाहजहांपुर | 50 | 13 |
| | योग | | 350 | 184 |
| राजकीय दत्तक ग्रहण अभिकरण | | | | |
| 1 | लखनऊ | 3–प्राग नारायन रोड, लखनऊ | 50 | 48 |
| 2 | आगरा | दीक्षित काम्प्लेक्स, अभयपुरा मोड़, जगनेर रोड, आगरा। | 30 | 23 |
| 3 | रामपुर | जुल्फिकार इण्टर कालेज, अंगूरी बाग, रामपुर | 30 | 41 |
| 4 | मथुरा | नलवा पथ, सिविल लाइन्स, पुराना आर0टी0ओ0 आफिस, मथुरा | 30 | 8 |
| 5 | प्रयागराज | खुल्दाबाद, प्रयागराज | 40 | 24 |
| | योग | | 180 | 144 |
| राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (किशोर) | | | | |
| 1 | लखनऊ | चन्देल भवन चेतन पुरवा कुर्सी रोड, बसहा, लखनऊ | 100 | 65 |
| राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (महिला) | | | | |
| 1 | मेरठ | बाउण्ड्री रोड, लालकुर्ती, मेरठ | 50 | 13 |
| 2 | लखनऊ | मोती नगर, लखनऊ | 100 | 29 |
| 3 | वाराणसी | जैतपुरा, वाराणसी | 100 | 54 |
| 4 | सहारनपुर | फतेहपुर , सहारनपुर | 100 | 54 |
| | | | 4330 | 4050 |

## राजकीय महिला शरणालय एवं संरक्षण गृह की सूची।

| क0स0 | जनपद का नाम | संस्था का नाम एवं पता | संस्था अधीक्षक/ संस्था प्रभारी का नाम | दूरभाष नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आगरा | राजकीय संरक्षण गृह, कालिन्दी विहार, आगरा। | श्रीमती कंचन वर्मा | 8318908007 |
| 2 | गोरखपुर | राजकीय महिला शरणालय, गोपी गली घंटाघर, गोरखपुर | श्रीमती रेशमा श्रीवास्तव | 9453164131, 9264976973 |
| 3 | मथुरा | राजकीय महिला शरणालय, किला स्वामी घाट के पास, मथुरा। | श्रीमती रितु सरन श्रीवास्तव | 7408149555 |
| 4 | अयोध्या | राजकीय महिला शरणालय, भीखापुर, अयोध्या। | श्रीमती भारती शुक्ला | 9140323176 |
| 5 | मुरादाबाद। | राजकीय महिला शरणालय, लाकरी फाजलपुर, दिल्ली रोड, मुरादाबाद। | श्रीमती प्रेरणा | 9453102277 |
| 6 | मेरठ | राजकीय महिला शरणालय, 72 बाउंड्री रोड लालकुर्ती, मेरठ। | सुश्री रीता राठी | 7011679743 |
| 7 | लखनऊ | राजकीय महिला शरणालय, 3 प्रागनरायाण रोड, लखनऊ। | श्रीमती आरती सिंह | 9335018271 |
| 8 | प्रयागराज | राजकीय महिला शरणालय, खुल्दाबाद, प्रयागराज। | श्रीमती रुचि वर्मा | 6394089454 |
| 9 | बरेली | राजकीय महिला शरणालय, माडल टाउन चौकी के सामने, हजियापुर बरेली। | श्रीमती छाया बड़वल | 8384017080, 8130079702 |
| | बरेली | मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं के लिए सम्बद्ध प्रकोष्ठ, माडल टाउन चौकी के सानने, हजियापुर बरेली। | | |